# विज्ञान समिति, उदयपुर
# मासिक रिपोर्ट
नियमित प्रकाशन का पन्द्रहवां वर्ष

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69


Phone :
0294-2413117, 2411650
E-mail Id :
samitivigyan@gmail.com
Website :
www.vigyansamitiudaipur.org


**अंक :177** | **स्वैच्छिक सेवा का 58 वां वर्ष** | **दिसम्बर 2016**


- दिसम्बर 2016 में 26 कार्य दिवस। सदस्यों की दैनिक औसत उपस्थिति – 11
- उदयपुर का तापमान दिसम्बर माह में : अधिकतम 33.0$^0$ सेल्सियस, न्यूनतम 11.0$^0$ सेल्सियस रहा।
- नवम्बर माह की मासिक रिपोर्ट, लोकविज्ञान तथा लहर प्रकाशित हुई तथा सभी सदस्यों एवं विशिष्टजनों को प्रेषित की। कुछ सदस्यों को विदेश में ई–मेल द्वारा भी भेजी गई।

## आर्थिक सहयोग

- **मेम्बर डोनेशन** – डॉ. अरुण बोर्दिया रु. 5,000; श्रीमती रेणु भण्डारी रु. 1,000
- **छात्रवृत्ति** – डॉ. एल.एल. धाकड़ रु.1,000; श्रीमती शकुन्तला धाकड़ रु. 1,000

## विज्ञान लोकप्रियकरण

- **लोकविज्ञान :** दिसम्बर अंक के लेख– **भावी यांत्रिक क्रान्ति का आधार:आणविक मशीनें; परमाणु ऊर्जा क्या और कैसे; मधुमेह नियन्त्रण; स्तनपान का महत्त्व; प्रकाश प्रदूषण का बढ़ता खतरा; लहसुन : औषधि और मसाला।**


## एमपीयूएटी एवं विज्ञान समिति साझा कार्यक्रम

**आदर्श ग्राम विकास कार्यक्रम का उद्घाटन –**

महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि ववविद्यालय एवं विज्ञान समिति के बीच **एमओयू** के अंतर्गत **आदर्श ग्राम विकास** के लिए गांव देवाली, पंचायत नांदवेल, पंचायत समिति मावली का चयन हुआ। गांव का प्रारम्भिक सर्वेक्षण किया गया। गांव में ि ाक्षा, चिकित्सा, महिला स ाक्तीकरण, सामाजिक सुधार, कृषि, उद्यानिकी, डेयरी, प ाुपालन आदि क्षेत्रों में जानकारियां बढ़ाकर तथा प्रि ाक्षण भ्रमण आदि के माध्यम से सुधार के कार्यक्रम नि िचत किए गए हैं जिसका भाुभारम्भ दिनांक 2 दिसम्बर 2016 को अपरान्ह 3 बजे महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि ववविद्यालय के कुलपति **डॉ. उमाशंकर शर्मा** की उपस्थिति में किया गया जिसमें गांव के अनेक स्त्री पुरुष, वि ववविद्यालय के वैज्ञानिक एवं विज्ञान समिति के सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर 25 महिलाओं के लिए सिलाई प्रि ाक्षण भी प्रारम्भ किया गया। विद्यालय की प्रतिभावान पांच छात्राओं को छात्रवृत्तियां तथा कुछ छात्राओं को स्वेटर्स भी प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में गांव में जो कार्य किए जाने हैं उनकी संक्षिप्त रूपरेखा बताई गई। गांव वालों ने पूरा सहयोग करने का संकल्प लिया तथा एक गांव स्तर की कमेटी बनाने का भी निर्णय किया। इस कार्यक्रम में पंचायत के उप सरपंच तथा श्री सीताराम जी (महिला सरपंच के पति) भी मौजूद थे। जिला ि ाक्षा कार्यालय उदयपुर से **श्री महीपालसिंह राठौड़,** भौक्षिक प्रकोष्ठ अधिकारी, प्रारम्भिक ि ाक्षा भी उपस्थित थे। उन्होंने स्थानीय विद्यालय में अध्यापकों की कमी को पूरा करने का वादा किया।

तीसरे कार्यक्रम के रूप में गांव में **दो दिवसीय पशु चिकित्सा कार्यक्रम** आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत 28 दिसम्बर 2016 को गांव में एक **'पशुपालन गोष्ठी'** का आयोजन हुआ जिसमें गांव वालो को प ाुओं के बारे में विस्तृत जानकारी प ाुपालन विभाग के वि ोषज्ञों **डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी** एवं अन्य सदस्यों द्वारा दी गई। इस कार्यक्रम में विज्ञान समिति के अध्यक्ष **डॉ. के.बी. शर्मा** एवं अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। दूसरे दिन **29 दिसम्बर को पशु चिकित्सा शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर बाद 4 बजे** तक आयोजित हुआ जिसमें लगभग 700 प ाुओं का टीकाकरण हुआ तथा 350 प ाुओं की चिकित्सा की गई। यह कार्यक्रम प ाुपालन विभाग उदयपुर, प ाु चिकित्सालय नाहरमगरा, विज्ञान समिति एवं मेवाड़ सहायता समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विज्ञान समिति से अध्यक्ष **डॉ. के.बी. शर्मा, डॉ. के.एल. कोठारी, श्री मुनीश गोयल, प्रो. जे.एन. कविराज, प्रो. जे.के. दोशी, श्री शान्तिलाल भंडारी, श्रीमती**



**मंजुला शर्मा, श्री कैलाश वैष्णव** सम्मिलित हुए। गांव के लोगों का सक्रिय सहयोग रहा। उनसे चर्चा करने के प चात् गांव की एक समिति बनाई गई जो विकास के कार्यों में सहयोग करेगी, चिंतन करेगी। इस समिति के संयोजक **श्री इन्द्रसिंह जी चूण्डावत** तथा सह संयोजक **श्री भंवरसिंह जी चूण्डावत** चुने गए। यह समिति प्रत्येक दूसरे भाुक्रवार को दिन में 12 बजे सामुदायिक केन्द्र पर मिलेगी। जिसमें यथासंभव कृषि वि वविद्यालय एवं विज्ञान समिति से भी प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे तथा भावी कार्यक्रमों पर चर्चा होगी। साझा कार्यक्रम के संचालन के लिए विज्ञान समिति की भी एक समिति बनाई गई।

## महिला सशक्तीकरण

- **वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ एवं नवाचार महिला प्रकोष्ठ का वार्षिक समारोह ''झनकार'' :** विज्ञान समिति द्वारा संचालित वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ एवं नवाचार महिला प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 18 दिसम्बर 2016 को विज्ञान समिति में सातवां वार्षिकोत्सव **''झनकार-7''** रंगारंग कार्यक्रम के साथ धूमधाम से आयोजित किया गया। समारोह में 80 से अधिक महिलाओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दे कर सभी का मन मोह लिया।

समारोह में 70 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं ने नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दे कर सभी को रोमांचित कर दिया। समारोह में देशभक्ति, कश्मीर से कन्याकुमारी, देश के त्यौहार, सावन, उत्सव आदि थीम पर उम्रदराज महिलाओं सहित युवतियों ने बॉलीवुड की मस्ती भरे गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दी। समारोह के मुख्य अतिथि एमपीयूएटी के कुलपति **प्रो. उमाशंकर शर्मा,** विशिष्ट अतिथि जनजाति विकास विभाग की वित्तीय सलाहकार **डॉ. कुमुदनी चांवरीया** थी जबकि अध्यक्षता गजल गायक **डॉ. प्रेम भण्डारी** ने की। इस अवसर पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3052 के प्रान्तपाल **रमेश चौधरी**, कोटा खुला विश्वविद्यालय की निदेशक **रश्मि बोहरा,** उद्योगपति **डॉ. रीना राठौड़,** एमएलएसयू की दर्शनशास्त्र की विभागाध्यक्ष **डॉ. सुधा चौधरी,** इनरव्हील क्लब अध्यक्ष **डॉ. पुष्पा सेठ,** रंगमंच के कलाकार **सुनील मित्तल** आदि अतिथि मौजूद थे।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम चेयरमेन **विजयलक्ष्मी गलुण्डिया** के नेतृत्व में बॉलीवुड की विभिन्न नायिकाओं पर फिल्माये गये गीतों पर नृत्य कर सभी को रोमांचित कर दिया। रंगमंचीय कलाकार **सुनील मित्तल** द्वारा निर्देशित **खट्टा मीठा** नाटक का मंचन किया गया। प्रारम्भ में **शिल्पा, उर्वशी सिंघवी, मंजु सिसोदिया** द्वारा अनेक संगीतमय रोचक एवं आकर्षक गेम्स खेले गये। कार्यक्रम का आगाज नवाचार महिला प्रकोष्ठ टीम द्वारा दी गई प्रस्तुति गणपति वंदना से हुआ। कार्यक्रम की संयोजिका **पुष्पा कोठारी** ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर श्रीमती कोठारी ने बताया कि व्यक्तित्व विकास एवं दैनिक जीवन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सोच को लेकर विज्ञान समिति में वर्ष 2009 में इसकी स्थापना की गई। इसी प्रकार महिलाओं के खुशनुमा जीवन को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2010 में वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ की स्थापना हुई।

नवाचार महिला प्रकोष्ठ की समन्वयक **बेला जैन** द्वारा लक्की ड्रा का आयोजन किया गया। समारोह के आयोजन में **नलिनी लोढ़ा, मेघा छाबड़ा, सविता कोठारी, रेखा मेहता, मंजुला शर्मा, कांता जोधावत, राखी जैन, शकुन्तला धाकड़, डॉ. आशा खमेसरा** की मुख्य भूमिका रही। विज्ञान समिति के कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. कमलप्रकाश तलेसरा** ने आशीर्वचन दिया। संचालन **विजयलक्ष्मी गलुण्डिया** ने किया।

**ग्रामीण महिला चेतना शिविर :** दिनांक 30 दिसम्बर को आयोजित इस शिविर में देवाली, नांदवेल, चंदेसरा, नउआ, फतहनगर एवं गुड़ली की 53 महिलाएं सम्मिलित हुई। कार्यक्रम का प्रारम्भ प्रार्थना से किया गया। नए सदस्यों का परिचय हुआ। कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. के.पी. तलेसरा** ने उपयोगी संवाद किया। **डॉ. आर.एल. जैन** ने भारत के विधान सम्बन्धी जानकारी को बहुत सरल तरीके




से समझाते हुए संसद द्वारा और विधानसभा द्वारा महिलाओं के लिए विशेष कानूनों की जानकारी दी। **डॉ. के.एल. कोठारी** ने कई बिन्दुओं पर चर्चा की तथा कार्यक्रम का संचालन भी किया। **श्रीमती रेणु भंडारी** ने **लहर पत्रिका** की जानकारी दी तथा इस माह की **लहर** सभी उपस्थित महिलाओं में वितरित भी की गई। इसी कार्यक्रम में देवाली ग्राम में चल रहे सिलाई प्रशिक्षण का समापन भी आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष **इंजी. बी.एल. खमेसरा** ने की। तीन महिलाओं के एक पेनल ने सिलाई प्रशिक्षण की अवधि में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तैयार



किए वस्त्रों की सिलाई की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया तथा उसके आधार पर **श्रीमती प्रेमकुंवर** को प्रथम **श्रीमती कन्नी बाई** को द्वितीय एवं **श्रीमती प्रकाश** को तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः 200रु., 100रु., 100रु. दिए गए।

चंदेसरा की **डिम्पल** जो संगीत सीखना चाहती है जिसकी इसमें रुचि भी है ने चाहा था कि उसे मासिक फीस जमा कराने के लिए कुछ मदद मिले। महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष ने स्वीकृति दी कि वे उसकी आधी फीस दे देंगे। देवाली की **श्रीमती विनिता** ने सिलाई मशीन की मांग की उस पर महावीर इंटरनेशनल अध्यक्ष ने यह कहकर स्वीकृति दी कि 500रु. वह खुद देगी। खमेसरा सा. ने महिलाओं को प्रेरित किया कि महावीर इंटरनेशनल के दूसरे केन्द्र द्वारा युवाओं के लिए कई प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं उसमें आप 20 लोगों का समूह बनाएं तो बहुत उपयोगी प्रशिक्षण हो सकते हैं। कुछ प्रश्नोत्तर किए गए, सही उत्तर देने वाले को पारितोषिक दिए गए। **श्रीमती मंजुला शर्मा** व्यवस्थापक ने महिलाओं को प्रेरित किया कि वो नई सदस्याएं बनाती रहें। चंदेसरा की **श्रीमती हेमलता मेनारिया** को 5000रु. का ऋण का चैक दिया गया यह ऋण उसको दूसरी बार दिया गया। कार्यक्रम प्रभारी **डॉ. शैल गुप्ता** ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## स्वास्थ्य सेवाएं

● ***निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :*** **विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर** के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। दिसम्बर माह में 11 शिविर हुए जिसमें 105 दर्दियों की चिकित्सा की गई। **श्री बी.एल. पोखरना** एवं उनके सहयोगी चिकित्सकों का प्रशंसनीय योगदान रहा।

●***श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :*** विज्ञान समिति में बयालीसवां शिविर दिनांक 18 दिसम्बर 2016 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा शिविर में **डॉ. आई.एल.जैन,** वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदयरोग विशेषज्ञ; **दर्शन डेंटल कॉलेज** के दंत रोग विशेषज्ञ एवं उनकी टीम, **डॉ. शैल गुप्ता,** योग विशेषज्ञ; **श्री अंकित नागौरी**–ब्लड शुगर जांच; **श्री बी.एल.पोखरना, ललित पोरवाल एवं श्री स्वप्निल ओझा** एवं एक्यूप्रेशर टीम ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श सेवाएं यथावत प्रदान की। सभी के प्रति आभार। शिविर में कुल 19 नागरिकों का (9 सामान्य, 18 हृदय, 13 मधुमेह, 5 दंत रोग) विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 7 नागरिकों को एक्यूप्रेशर थेरेपी से चिकित्सा परामर्श दिया गया। आगामी **तयालीसवां शिविर 15 जनवरी 2016** रविवार प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

### ( एम.एल. मेहता द्वितीय स्मृति व्याख्यान )

● प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ द्वारा **27 दिसम्बर 2016** को विज्ञान समिति सभागार में **एम.एल. मेहता द्वितीय स्मृति व्याख्यान** का आयोजन हुआ। जिसमें पेसिफिक विश्वविद्यालय के कुलपति **प्रो.बी.पी.शर्मा** ने **''समर्थ भारत, समृद्ध भारत, सशक्त भारत''** विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ''भारत का गौरवशाली एवं समृद्ध अतीत रहा है जिसे हम पुनः लौटा पाने की स्थिति में हैं। हमें इस हेतु हमारी सामर्थ्य और संसाधनों का सार्थक नीतियां बनाकर उपयोग करने की आवश्यकता है। हमारी क्षमताएँ अनन्त हैं और उपलब्धियाँ श्रेष्ठ हैं। अतः समर्थ भारत को सशक्त और समृद्ध बनने से कोई रोक नहीं सकता। यह युवा भारत का स्वप्न है जो साकार होने को है।'' प्रो.शर्मा ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है जहाँ खेती के लिए सर्वाधिक भूमि उपलब्ध है, किंतु सिंचाई संसाधनों की कमी से हमारी उत्पादकता प्रभावित होती है, अतः कृषि प्रौद्योगिकी एवं जल–प्रबन्धन को अपनाकर हम कृषि के क्षेत्र में अपेक्षित लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। स्वदेशी एवं राष्ट्रवाद आधारित आर्थिक रणनीति अपनाकर हम भारत का समग्र विकास कर सकते हैं।

प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा एम.एल.मेहता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ के संयोजक **मुनीश गोयल** ने अतिथि–स्वागत किया। **डॉ. बी.एल. बसेर** ने राजस्थान के **पूर्व मुख्य सचिव एम.एल. मेहता सा.** का जीवन परिचय देते हुए उन्हें प्रतिभावान, कर्मयोगी एवं प्रखर सूझबूझ का धनी बताया। विज्ञान समिति के अध्यक्ष **डॉ. के.बी. शर्मा** ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. के.पी.तलेसरा** ने संयोजन किया तथा उपाध्यक्ष **डॉ. के.एल. तोतावत** ने आभार अभिव्यक्ति की। इस अवसर पर विज्ञान समिति एवं प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

● प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाली चर्चाओं में समसामयिक विषयों पर गहन चर्चाएं हुई।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

इस प्रकोष्ठ की बैठक 10 दिसम्बर को आयोजित की गई, जिसमें वार्ताकार **डॉ. के.एल. तोतावत** ने श्रावक की 11 प्रतिमाओं विषय पर वार्ता प्रस्तुत की। सभी सहभागियों ने इस सारगर्भित वार्ता की सराहना की। **डॉ. नारायणलाल कच्छारा** ने आगामी माह में होने वाली बैठक में शिक्षा में नैतिकता विषय पर वर्कशॉप होने की जानकारी प्रदान की।

## केलवा प्रोजेक्ट

●श्रद्धा का 38 वां अंक (दिसम्बर 2016) प्रकाशित–वितरित हुआ।

## अन्य बिन्दु

● नगर प्रन्यास न्यास अध्यक्ष **श्री रवीन्द्र जी श्रीमाली** की अध्यक्षता में **आरोग्य एक्यूप्रेशर, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास का अभिनन्दन समारोह 29 दिसम्बर 2016** को विज्ञान समिति परिसर में आयोजित किया गया। इस अभिनन्दन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विज्ञान समिति के कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. के.पी. तलेसरा** थे। अभिनन्दित विभूतियों, **श्री राधेश्याम वैष्णव, श्री राम प्रकाश बंसल, श्री चांदमल लोढ़ा एवं श्रीमती सुशीला जागेटिया** को समिति की हार्दिक बधाई!

## सदस्यों सबंधी

● हमारे संस्थापक **डॉ. कुन्दनलाल कोठारी** 7 दिसम्बर से 28 दिसम्बर तक अपने छोटे पुत्र **पराग** के यहां हैदराबाद में रहे। इस दौरान उन्होंने साध्वी प्रमुखा पर एक कविता की रचना की तथा वार्षिक पुस्तक प्रदर्शनी से स्वास्थ्य और दर्शन सम्बन्धी पुस्तकें खरीदी।

● हमारे संरक्षक सदस्य **प्रो. नवनीत लाल गुप्ता** के पौत्र – **श्री अभिजीत** सुपुत्र **डॉ. राकेश - डॉ. शुभा गुप्ता** का शुभ विवाह दिनांक 26 दिसम्बर 2016 को उदयपुर में सानन्द सम्पन्न हुआ विज्ञान समिति परिवार की ओर से हार्दिक बधाई। श्री अभिजीत वर्तमान में जर्मनी में पी.एच.डी. करने में रत है, जिसके लिये उसका वैश्विक स्तर पर चयन हुआ था।

● हमारे संरक्षक सदस्य, निवर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. एल. एल. धाकड़** कृषि अधिकारी परिषद् उदयपुर के नए सत्र के लिए अध्यक्ष चुने गये, हार्दिक बधाई।

● हमारी संरक्षक सदस्या **श्रीमती विमला कोठारी** एवं हमारे सक्रिय सदस्य **डॉ. बी. एल. चावत** दोनों को स्पाईन सम्बन्धी समस्या है, दोनों विश्राम करते हुए चिकित्सा करवा रहे हैं, शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए शुभकामनाएं !

● हमारे सदस्य **प्रो. एन.एल. कच्छारा** संयोजक दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ को लाडनूँ में फरवरी में आयोजित **जैन धर्म की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उपयोगिता** विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का अध्यक्ष बनाया गया है। इस गौरव के लिए डॉ. कच्छारा को हार्दिक बधाई।

● संरक्षक सदस्य **डॉ. आई.एल. जैन** को प्रतिष्ठित फार्मास्युटिकल कम्पनी द्वारा सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह 'ॐ' में **डॉ. आई.एल. जैन** का नाम एक हजार आठ बार अंकित कर भेंट किया। यह अनोखा सम्मान डॉ. जैन की आध्यात्मिक रुचि एवं सेवा भावना स्वरूप दिया गया है। हार्दिक बधाई!

**बुक-पोस्ट**

प्रेषक : विज्ञान समिति, रोड़ नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर

सेवा में

## जन्मदिन की बधाइयाँ


**January**

| | |
|---|---|
| Dr. G.C. Lodha | 01/01 |
| Dr. B. Bhandari | 03/01 |
| Sh. R.K. Khokhawat | 04/01 |
| Sh. Arun Sarupariya | 04/01 |
| Sh. S.P. Mittal | 06/01 |
| Sh. B.L.Kukda | 09/01 |
| Sh. N.K. Purohit | 10/01 |
| Sh. Mohanlal Vaishnav | 12/01 |
| Er. B.L. Khamesara | 13/01 |
| Smt. Vimla Kothari | 24/01 |
| Sh. K.S.Sisodiya | 24/01 |
| Smt. Mudita Sharma | 24/01 |
| Sh. B.H.Bafna | 25/01 |
| Sh. Akhilesh Joshi | 25/01 |
| Sh. P.S.Roongta | 26/01 |
| Sh. Mangilal Lunawat | 31/01 |

**February**

| | |
|---|---|
| Smt. Anila Doshi | 05/02 |
| Dr.Kamala Kawarani | 08/02 |
| Smt. Vibha Bhatnagar | 11/02 |
| Dr. Mahip Bhatnagar | 11/02 |
| Sh. S.K. Verma | 17/02 |
| Smt. Pushpa Kothari | 19/02 |
| Sh. Y.K. Gupta | 22/02 |





डॉ. आई. एल. जैन का 76वां जन्मदिन 31 दिसम्बर को समिति में उत्साहपूर्वक मनाया गया जिसमें लगभग 30 सदस्यों की उपस्थिति थी । इस अवसर पर लोगों ने डॉ. जैन की सज्जनता और सेवा भाव पर अपने उद्गार प्रकट किए।

## विज्ञान समिति के जनवरी माह के कार्यक्रम

●**मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन

● **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

❑ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❑ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 15 जनवरी 2017 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| ✷ नवाचार महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 10 जनवरी 2017 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ मासिक बैठक (एक दिवसीय वर्कशॉप) | 14 जनवरी 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 20 जनवरी 2017 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ मासिक बैठक (वक्ता – प्रोफेसर जगमोहन हुमड, कनाडा) | 21 जनवरी 2017 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ ग्रामीण महिला चेतना शिविर | 30 जनवरी 2017 | प्रातः 11.00 बजे से |
| **विशेष कार्यक्रम** | | |
| ✷ स्प्रीच्यूल साईंस स्टडी ग्रुप उदयपुर का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम | 4 से 7 जनवरी 2017 | प्रातः 8.30 से 11.30 तक |
| ✷ कृषि वि.वि. साझा कार्यक्रम के अंतर्गत देवाली गांव में गांव स्तरीय समिति की बैठक | 13 जनवरी 2017 | दोपहर 12.00 बजे से |
| ✷ गणतंत्र दिवस समारोह | 26 जनवरी 2017 | प्रातः 11.00 बजे से |

**अपील**

● कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष प्रारंभ हो गया है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।

● निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्तों को सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

सौजन्य :- श्रीमान् मदनसिंह जी-श्रीमती लीला जी सुराना, 8-सी, मधुबन, उदयपुर (वर्तमान में हांगकांग)